**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| **16 (क)** क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खंड सिधौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौली ब्राहिमबाग डामर रोड से चंदौली गांव तक 700 मी० का रास्ता अत्यंत खराब है और मार्ग खराब होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है? | प्रश्नगत मार्ग विकास खण्ड सिधौली की ग्राम पंचायत चंदौली में स्थित है, चंदौली गाँव का मुख्य निकास ब्राहिमबाग से अमानीगंज डामर रोड पर है, उक्त डामर रोड मण्डी परिषद द्वारा निर्मित कराई गई है, जबकि कुछ घरों का निकास इस कच्चे मार्ग से भी है, जिसकी लम्बाई 575 मी० है, जो मात्र 2.50 मी० से 03.00 मी० चौडाई में ही उपलब्ध है तथा मार्ग के अगल-बगल पेड़ लगे हुए है। मार्ग निर्माण हेतु शासनादेश संख्या- 305/33-सेल/2019, दिनांक 26-02-2019 के प्रस्तर-1(3) में निर्धारित मानक के अनुसार पर्याप्त चौड़ाई उपलब्ध न होने के कारण जिला पंचायत, सीतापुर द्वारा सन्दर्भित मार्ग का निर्माण कराया जाना नियमानुसार सम्भव नहीं है। |
| **(ख)** यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क की मरम्मत का कार्य करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| **(ग)** यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| **(घ)** यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ओम प्रकाश राजभर**
**मंत्री।**

question